Regarding issues pertaining to BHEL, Bhopal-laid

श्री आलोक शर्मा **(**भोपाल**) :** भारत हैवी इलेक्ट्रीकल्स लिमिटेड भोपाल को उद्योग स्थापना के लिए 4479.21 एकड़ भूमि लीज पर दी गई थी । जिसमें 554 एकड़ भूमि पर उद्योग स्थापित किया गया था । कुछ भूमि पर स्टाफ क्वाटर व सामुदायिक भवन बनाए गए हैं । अभी कुछ रिक्त भूमि शेष बचती है जिसे कथित तौर पर ठेकेदार, बिल्डर्स एवं अधिकारियों के माध्यम से बेचने का प्रयास किया जा रहा है जबकि उक्त भूमि को उद्योग स्थापना हेतु दिया गया था । अत: उक्त भूमि, मध्य प्रदेश प्रशासन को वापिस करवाने के आदेश जारी करें, जिससे प्रदेश सरकार, प्रधानमंत्री द्वारा चालू की गई स्टार्टअप जैसी योजनाओं से रोजगार के अवसर सृजित कर सके ।